क्रियाशील प्रगति परिषद द्वारा संचालित

पंजी क्रमांक : 5836/26.8.77

नवांकुर विद्यापीठ

(प्राथमिक/ माध्यमिक/उच्चतर माध्यमिक विद्यालय)

गंजबासौदा, जिला-विदिशा (म.प्र.)

पत्र क्रमांक/दिशा निर्देश/2026/5295

दिनांक 25/02/2026

सम्माननीय अभिभावक महोदय,

जैसा कि आपको विदित है कि नवीन सत्र 2026–27 की कक्षाएँ 1 अप्रेल 2026 से प्रारम्भ हो रही हैं। अतः बच्चों का सुरक्षित विद्यालय आना एवं विद्यालय से सुरक्षित घर पहुँचना हम सभी की जिम्मेदारी है। इस संबंध में पुलिस प्रशासन एवं शिक्षा विभाग द्वारा भी लगातार निर्देशित किया जा रहा है। अतः विद्यालय प्रबंधन द्वारा बच्चों की सुरक्षा हेतु निम्न दिशा निर्देश पारित किये गये हैं, जिनका पालन करना आवश्यक है।

1. पाल्य/पाल्या को ऑटो या अन्य वाहन से भेजने से पूर्व आप यह सुनिश्चित कर लें कि वाहन के सभी आवश्यक दस्तावेज ड्राईविंग लायसेंस, वाहन का रजिट्रेशन, वाहन का बीमा, चालक का पुलिस सत्यापन आदि पूर्ण हैं या नहीं।
2. अपूर्ण दस्तावेज होने वाले वाहनों में बच्चों को कदापि न भेंजे, उन्हें प्रतिबंधित किया जायेगा। जिससे आपके पाल्य/पाल्या को विद्यालय आने में असुविधा हो सकती है।
3. समय–समय पर आप अपने बच्चों से उनके दोस्तों के बारे में एवं वाहन चालक के व्यवहार के बारे में चर्चा करते रहें जिससे उनकी परेशानी का समय पूर्व निदान किया जा सके।
4. विद्यालय द्वारा यूनिफॉर्म अथवा कॉपी किताबों के विक्रय हेतु किसी भी दुकान को अनुबंधित नहीं किया गया है। आप अपनी स्वेच्छा से किसी भी दुकान से उक्त सामग्री क्रय कर सकते हैं।
5. कृपया आप अपने पाल्य/पाल्या को मोबाईल की आदत न डालें, उन्हें केवल आवश्यक कार्य के लिये ही मोबाईल दें, मोबाईल के लगातार उपयोग से बच्चों की आँखों की रोशनी कम होती जा रही है एवं उनके स्वास्थ्य पर प्रतिकूल प्रभाव पड़ रहा है।
6. बच्चों में फास्ट फूड खाने की आदत न डालें उनके लंच बॉक्स में केवल ताजा एवं सुपाच्य भोजन ही रखें, जिससे उनको स्वास्थ्य संबंधी परेशानी न हो।
7. बच्चों को किसी भी प्रकार की सामग्री खरीदने के लिए पैसे न दें बल्कि सामग्री स्वयं खरीद कर दें।
8. आप अपने पाल्य/पाल्या को साफ एवं स्वच्छ यूनिफॉर्म में ही विद्यालय भेजें।
9. निर्धारित शुल्क समय पर जमा कर, विलंब शुल्क से बचें व विद्यालय के संचालन में सहयोग प्रदान करें।
10. वाहन संबंधी व्यवस्था को देखने के लिए विद्यालय के शिक्षक श्री लक्ष्मण सिंह रघुवंशी मो.नं. (9098650676) नोडल अधिकारी रहेंगे।

हमें आशा एवं पूर्ण विश्वास है कि आप उक्त दिशा निर्देशों का पालन कर बच्चों के समुचित विकास में सहयोग प्रदान करेंगे। हम सभी आपके पाल्य/पाल्या की उत्कृष्ट शिक्षा व संस्कार के लिए सदैव प्रतिबद्ध हैं व रहेंगे।

धन्यवाद!

दिनांक – 25/02/2026

आर.के. दीक्षित

प्राचार्य

नवांकुर विद्यापीठ उ.मा. विद्यालय

गंज बासादा जिला विदिशा (म.प्र.)

नवांकुर के प्रकल्प • डॉल्फिन अंग्रेजी माध्यम विद्यालय • नवांकुर संगीत विद्यालय • Navankur School of Computer Science.

कार्यालय : नवांकुर भवन, बरेठ रोड, गंजबासौदा जिला विदिशा (म.प्र.) - 464221 दूरभाष : नवांकुर - 07594-221066, 223399, 220769, डॉल्फिन - 222644
website : www.navankurvidyapeeth.com, email: nvpbsd_2007@rediffmail.com

कृपया ध्यान दें - नवांकुर विद्यापीठ उ.मा.वि. की अन्यत्र कोई शाखा संचालित नहीं है।